**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–14.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में हिंदी दिवस पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, वक्ताओं ने हिंदी को एकता और संस्कृति का प्रतीक बताते हुए अधिक प्रयोग का लिया संकल्प।**
2. **कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–रबी अभियान 2025 की करेंगे अध्यक्षता, उत्पादन लक्ष्य और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पर होगी चर्चा।**
3. **मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में गरज–चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की जताई संभावना, रांची समेत कई जिलों में येलो अलर्ट जारी।**
4. **कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 23 सितंबर से सांसद खेल महोत्सव की होगी शुरुआत, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने का बताया उद्देश्य।**

**और**

5. **एशिया कप टी–20 क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान होंगे आमने–सामने।**

*******************

हिंदी दिवस को लेकर आज झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

आज गुजरात के गांधीनगर में, हिंदी दिवस और पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह ने हिंदी को और आसान बनाने तथा इसके साथ क्षेत्रीय भाषाओं के सह–अस्तित्व को बढ़ावा देने की अपील की है। श्री शाह ने लोगों से मातृभाषा का सम्मान करते हुए हिंदी का समर्थन करने का आह्वान किया।

*******************

हिंदी दिवस को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं कई संस्थानों में आज हिंदी पखवाड़े की शुरुआत की गई। रांची में आज कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर निबंध और लघु कथा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय एकता और संस्कृति की सशक्त भाषा है तथा इसे तकनीकी और प्रशासनिक कार्यों में बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

*******************

इसी के तहत आकाशवाणी रांची क्लब सभागार में आयोजित होने वाले हिंदी पखवाड़े का औपचारिक उद्घाटन कल सुबह 10.30 बजे होगा। आकाशवाणी रांची के पूर्व उप निदेशक (इंजीनियरिंग) ए. पी. सिंह ने हिन्दी दिवस पर अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

*******************

उधर दुमका के संताल परगना प्रमंडलीय कार्यालय में हिन्दी दिवस पर राजभाषा विभाग की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन आयुक्त लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा और वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि एकता और संस्कृति का प्रतीक है। सभी ने प्रशासनिक कार्यों और दैनिक जीवन में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला के प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों के जीवन–यापन को बेहतर बनाने के लिए कई क्षेत्रों के **कर** में कटौती की थी।

******************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–रबी अभियान 2025 की अध्यक्षता करेंगे। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान चर्चा में रबी फसल के किसानों को लाभ पहुंचाने, उत्पादन लक्ष्य निर्धारित करने, सतत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर के कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, नीति निर्माता और राज्य सरकारों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

******************

लोहरदगा जिले में आज मोमिन कॉन्फ्रेंस का एक दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि रहे। सम्मेलन में 15 सूत्री मांगें पारित की गईं और अंसारी समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर चर्चा हुई। मौके पर पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने एकता और सहयोग का भरोसा दिलाया, वहीं डॉ. अंसारी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि समाज को साजिशन दबाया जा रहा है।

******************

रांची में आज आदिवासी आक्रोश बाइक रैली निकाली गई जिस का उद्देश्य कुडमी महतो समुदाय को आदिवासी का दर्जा देने की मांग का विरोध करना था। मोराबादी मैदान से शुरू हुई यह रैली अरगोडा चौक, बिरसा चौक, सुजाता चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक पहुंची। मौके पर आदिवासी नेताओं अजय तिर्की और ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि आदिवासी जन्म से होता है और कुडमी महतो को आदिवासी का दर्जा नहीं दिया जा सकता।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नशापान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

******************

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में गरज–चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। रांची, गुमला, लातेहार, रामगढ़, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा और कोडरमा समेत कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों से सुरक्षित स्थान पर आश्रय लेने, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा किसानों को खेतों में कार्य न करने की सलाह दी है।

******************

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 23 सितंबर से सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत होगी, जो 25 दिसंबर तक आयोजित होगा। इस दौरान फुटबॉल, खो–खो, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस,

वॉलीबॉल, शतरंज और एथलेटिक्स सहित आठ खेल प्रतियोगिताएं होंगी। पोस्टर लांच के मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना है। उन्होंने बताया कि 2014 से शुरू हुआ यह महोत्सव हर साल सभी संसदीय क्षेत्रों में भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है।

******************

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज दुबई में ग्रुप–ए में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त********